# जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/गोपनीय/मेडीकल/2025/1353 दिनांक-30/05/25

**आवश्यक सूचना**

प्रति,

प्राचार्य /प्राचार्या
अशासकीय नर्सिंग महाविद्यालय
सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

विषय :– B.Sc. (Nursing) 4th Year June 2021 के रेगुलर,एक्स,ऐटीकेटी परीक्षार्थियों के आंतरिक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय की एम.पी. ऑनलाईन पर **दिनांक** **03.06.2025** तक ऑनलाईन अपडेट करने हेतु।

महोदय ,

B.Sc. (Nursing) 4th Year June 2021 के आंतरिक परीक्षा के अंक **दिनांक** **03.06.2025** तक एम.पी.ऑनलाइन की बेबसाइट पर अपडेट करें।

विशेष नोट :–

आप यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के आंतरिक परीक्षा के अंक अपटेड करने से शेष न रहें। पोर्टल पर अंक भरते समय पर किसी भी परीक्षार्थी के अनुक्रमांक के सम्मुख अंक अंकित कॉलम में अंक अथवा अनुपस्थित (Absent) ही अंकित करें। प्रदर्शित सीट में रिक्त अथवा रिक्त/डेस कुछ भी अंकित न करें विश्वविद्यालय द्वारा आंतरिक परीक्षा के अंक ऑनलाईन अपडेट नही करने अथवा आंतरिक परीक्षा के अंक हेतु निर्धारित पोर्टल पर अंक अपडेट नही होने की दशा मे छात्र को उक्त विषय मे अनुपस्थित मान कर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा जिसका समस्त उत्तरदायित्व छात्र का स्वंय का एवं महाविद्यालय प्राचार्य का होगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थिति मे छात्र के ऑफ लाईन प्रायोगिक अंक मान्य नही किये जावेगें अंक निर्धारित अवधि मे अपडेट नही करने पर **माननीय कार्यपरिषद के निर्णय अनुसार अर्थदण्ड की शस्ति अधिरोपित करने की कार्यवाही की जावेंगी स्थाई समिति की विशेष बैठक दिनांक 15.09.2021 के निर्णय अनुसार पत्र/क्रं. /एफ/अकादमी/सभा/2021/904/दिनांक 15.09.2021 के द्वारा यदि महाविद्यालय से ऑनलाईन अंक प्रेषित करने मे टकंण त्रुटि होती है तो संबंधित महाविद्यालय परीक्षा परिणाम घोषित होने से पूर्व मूल रिकॉर्ड के साथ प्रति छात्र रुपये 1,000/– अर्थदण्ड जमा कर विश्वविद्यालय मे आवेदन प्रस्तुत करने पर अंक सुधार किये जा सकते है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद किसी भी प्रकार का आवेदन प्रस्तुत करने पर अंक सुधार नही किये जायेंगे एवं इसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित अग्रेषण अधिकारी की होगी।**

ऑनलाईन भरने के पश्चात् भरे हुये अंको को बेवसाईट से प्रिंट कर प्राचार्य/प्राचार्या से प्रमाणित कराकर **06.06.2025** तक विश्वविद्यालय कक्ष क्रमांक 307 में आवश्यक रुप से जमा कराये।

प्रभारी परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. कुलगुरु महोदय के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
3. उप/सहा. कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
4. श्री एच.के. द्विवेदी एम0पी0 ऑनलाइन प्रभारी, की ओर आंतरिक के अंक अपडेट किये जाने हेतु पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी कार्यवाही हेतु।

सहा0 कुलसचिव (गोप.)